मैं सर्वेक्षण और आंकड़ों के लिए प्रसिद्ध प्यू रिसर्च सेंटर का सहारा लेते हुए पहले असमानता और फिर नस्लीय भेदभाव की बात करूंगा। मध्य आय वर्ग वाले परिवारों की बात करें तो तीन लोगों के परिवार के लिए इसका दायरा 40,100 डॉलर से 120,400 डॉलर तक है। इससे ऊपर और नीचे की आय वाले लोग क्रमश: उच्च और निम्न आय वर्ग के दायरे में आते हैं। इसका मध्य बिंदु उसे माना जा सकता है जहां सर्वाधिक परिवार हैं। बीते 50 वर्षों के दौरान विभिन्न समूहों के बीच असमान आय वृद्धि देखने को मिली। शीर्ष 5 प्रतिशत लोगों की आय सबसे तेज गति से बढ़ी। शीर्ष पर अश्वेतों की मौजूदगी दुर्लभ है जबकि निचले सिरे पर उनकी भरमार है। सन 2018 में फॉच्र्यून 500 की 1.45 करोड़ डॉलर से अधिक आय वाले सीईओ की सूची में केवल चार अश्वेत थे। यदि कोई अश्वेत व्यक्ति सालाना 60,000 डॉलर कमाता है तो ही वह अपने वर्ग के शीर्ष 10 प्रतिशत में आ सकता है। श्वेतों के लिए यह राशि 118,000 डॉलर तथा एशियाइयों के लिए 135,000 डॉलर है। इससे पता चलता है कि श्वेतों का शीर्ष 10 फीसदी अश्वेतों के शीर्ष 10 फीसदी से दोगुना कमाता है।

संपत्ति के मामले में भी बात काफी हद तक ऐसी ही है। बीते तीन दशक में नस्लीय आधार पर संपत्ति विभाजन बढ़ा है। एक अश्वेत परिवार की औसत संपत्ति सन 1983 में जहां 7,323 डॉलर थी वहीं 2016 में वह घटकर 3,557 डॉलर रह गई। श्वेत परिवारों में यह आंकड़ा 110,160 डॉलर से बढ़कर 146,984 डॉलर हो गया यानी अश्वेतों से 41 गुना अधिक। सन 2010 से 2019 के बीच अश्वेतों की बेरोजगारी दर श्वेतों के मुकाबले दोगुनी रही।

सवाल यह है कि क्या हालात बदल सकते हैं? प्यू के सितंबर 2019 में 6,878 वयस्कों पर किए गए सर्वे में 60 फीसदी अमेरिकियों ने माना कि बहुत अधिक असमानता है। परंतु 80 फीसदी डेमोक्रेट की तुलना में केवल 40 फीसदी रिपब्लिकन ने ऐसा माना। रिपब्लिकन को लगता है कि इसके लिए निजी वजहें अधिक जवाबदेह हैं जबकि डेमोक्रेट नस्ल भेद, अवसरों में असमानता, शिक्षा और कर व्यवस्था तथा कॉर्पोरेट नियमन को जवाबदेह मानते हैं। कुल मिलाकर दोनों के रुख में काफी अंतर है।

इसके अलावा कौशल हासिल करना, सबसे अमीरों पर कर लगाना और गरीबों को हस्तांतरण करना, कॉलेज शिक्षण शुल्क और कॉलेज कर समाप्त करना, चिकित्सा सुविधा बढ़ाना, न्यूनतम वेतन बढ़ाना और बड़े निगमों को भंग करने जैसे कदमों को रिपब्लिकन उतना महत्त्व नहीं देते जितना डेमोक्रेट देते हैं। बल्कि रिपब्लिकन के लिए अवैध आप्रवासन की समस्या कहीं अधिक खतरनाक है।

जब महामारी का आगमन हुआ तो हालात और विकट हो गए। प्रति एक लाख आबादी में 53 अफ्रीकी-अमेरिकी मारे गए। जबकि 25 हिस्पैनिक, 22 एशियाई और 20 श्वेतों की मृत्यु हुई। अश्वेतों की दोगुनी से अधिक की मृत्यु दर बताती है कि स्वास्थ्यगत जोखिमों के

अलावा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, किराना दुकानों आदि में कम वेतन पर वे काम करते रहे इसके बावजूद अश्वेतों में बेरोजगारी दर अधिक थी।

सन 1972 से 2004 तक अमेरिका में रहने और 40 प्रांतों में समय बिताने तथा तमाम उतार-चढ़ाव और सामुदायिक आंदोलन देखने के बाद मेरा मानना है कि अमेरिका का नस्लीय पूर्वग्रह उसकी बुनियाद में निहित है।

इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के मुताबिक जेफरसन ने कहा था कि सभी मनुष्य आजाद पैदा होते हैं और दासों को अफ्रीका या कैरेबियन द्वीप भेज दिया जाना चाहिए। लेकिन उन्हें इतने बड़े पैमाने पर लोगों को भेजना आर्थिक रूप से अव्यावहारिक लगता था इसलिए उनकी नजर में दास प्रथा का अंत अपरिहार्य था। जब उनका निधन हुआ तब उन्होंने अपने सैकड़ों दासों में से सात को आजाद किया।

क्या भारतीय इससे अलग हैं? मैं याद करता हूं कि कैसे मुझसे मिलने आने वाले भारतीय केवल दिन में आते थे क्योंकि उन्हें मैरीलैंड या वजीर्निया से शाम ढले वॉशिंगटन डीसी आने में डर लगता था। वे मेरी रहने की जगह को लेकर चिंतित रहते थे। भारत में रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों के साथ का व्यवहार भी हम सभी जानते हैं। अनुपमा राव की पुस्तक द कास्ट क्वेश्चन- दलित ऐंड पॉलिटिक्स पढ़िए, हमारे देश में आज भी अंतरजातीय विवाह करने पर हत्या हो सकती है। अमेरिका में भी अलग-अलग नस्लों के बीच रिश्तों को सामाजिक मंजूरी नहीं है।

अच्छी बात यह है कि मौजूदा विरोध प्रदर्शनों ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। क्या अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पेलोसी का ढांचागत बदलाव घटित होगा? जिस समय मैं यह लेख लिख रहा था उस वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति के पूर्व रक्षा मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख तथा माइक रूमनी जैसे रिपब्लिकन सीनेटरों ने सरकारी कदमों की निंदा की और एक सेवारत चार सितारा सैन्य अधिकारी ने माफी मांगी। इतना ही नहीं रक्षा मंत्री ने भी राष्ट्रपति से असहमति प्रकट की।

---

जनसत्ता

***Date:20-06-20***

# ग्रामीण रोजगार का संकट

**सुविज्ञा जैन**

अर्थव्यवस्था का संकट दिनों दिन गहराता जा रहा है। इससे सरकार के राजस्व में दस लाख करोड़ की कमी आने की आशंका है। ऐसे हालात में अब यह देखना जरूरी है कि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए जितने भी विकल्प हमारे सामने हैं, उनमें सबसे कारगर क्या हो सकता है? पिछले दिनों एक उत्साहजनक बात यह सुनने को मिली थी कि इस संकट से हमें कृषि क्षेत्र बचा सकता है। इसका एक आधार यह था कि देश में कृषि उत्पादन पिछले साल बढ़िया हुआ है। लेकिन इस उम्मीद को बांधने से पहले क्या यह भी नहीं देखा जाना चाहिए कि हमारी पूरी अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान है कितना? आंकड़े बताते हैं कि कृषि का योगदान लगभग पंद्रह फीसद है, यानी कृषि क्षेत्र के सहारे अर्थव्यवस्था संभालने की उम्मीद लगाना एक मुगालता ही कहा जाएगा। हां, इतना जरूर है कि मुश्किल हालात में जहां दूसरी उत्पाद्र गतिविधियां बहाल करने का कोई ओर-छोर पकड़ में न आ रहा हो, वहां कम से कम कृषि क्षेत्र अपनी पूर्व

की स्थिति में खड़ा तो दिख रहा है। लेकिन क्या सिर्फ कृषि उत्पादन के आंकड़े निश्चिंतता के लिए काफी हैं? क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि इस समय किसान, खेतिहर मजदूर और गांवों में बढ़ते बेरोजगार परिवारों की वास्तविक स्थिति क्या है? पिछले कई महीनों से विशेषज्ञ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बिगड़ती हालत की तरफ ध्यान दिलाते आ रहे हैं। और एक बात अब किसी को भी यह मान लेने में अड़चन नहीं आनी चाहिए कि देश में कई छमाहियों से चली आ रही आर्थिक सुस्ती की सबसे ज्यादा मार गांवों पर ही पड़ी है। इसका अनुमान गांवों में रोजमर्रा की जरूरत के सामान की खपत घटने से लगाया गया था। सर्वेक्षणों के मुताबिक रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें बनाने वालीं यानी एफएमसीजी कंपनियों के उत्पादों की खपत शहरों के मुकाबले गांवों में डेढ़ गुनी से ज्यादा गिर गई थी। इस तथ्य के आधार पर अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि गांव के व्यक्ति की जेब की क्या हालत हो गई है। कई अर्थशास्त्री तो अर्से से सुझाते आ रहे हैं कि जरूरत ग्रामीण उपभोक्ताओं की जेब तक पैसा पहुंचाने की है। याद करें तो पिछले साल से ही कई किसान संगठन मांग कर रहे थे कि उद्योग क्षेत्र की तर्ज पर कृषि क्षेत्र को भी आर्थिक पैकेज मिलना चाहिए। इसी बीच, आर्थिक संकट से जूझती सरकार के सामने कोरोना आपदा आ गई। तीन महीने गुजर गए, अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए तरह-तरह के जतन करने पड़ रहे हैं। सरकार को अपनी हैसियत से कई-कई गुने बड़े राहत पैकेजों का एलान करना पड़ रहा है। मसलन पिछले दिनों सरकार ने बीस लाख करोड़ के भारी-भरकम राहत पैकेज की घोषणा की। लिहाजा क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि इस कवायद में देश के कृषि केंद्र यानी गांव के लिए सबसे ज्यादा गौरतलब क्या एलान था? बीस लाख करोड़ के उस राहत पैकेज में ग्रामीण बेरोजगारों के लिए कानूनी योजना यानी मनरेगा के लिए चालीस हजार करोड़ रुपए अलग से दिए गए हैं। वाकई यह रकम देखने में बड़ी दिखाई देती है। बड़ी इस मायने में भी है क्योंकि कुछ महीने पहले ही बजट में सरकार मनरेगा कानून को लागू करने के लिए साढे इकसठ हजार करोड़ का प्रावधान कर चुकी थी। यानी चालीस हजार करोड़ रुपए के नए एलान को मिला कर मनरेगा पर खर्च के लिए इस वित्तीय वर्ष में अब कुल एक लाख एक हजार पांच सौ करोड़ की रकम खर्च के लिए उपलब्ध है। बेशक, पिछले वर्षों की तुलना में इस रकम को सर्वकालीन सर्वाधिक कह कर प्रचारित किया गया और अभी भी प्रचारित किया जा रहा है। लेकिन अर्थव्यवस्था के मौजूदा संकट के मद्देनजर क्या इसका आकलन जरूरी नहीं है कि गांव और गांव में बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए यह रकम है कितनी? पिछले साल के बजट में भी मनरेगा के लिए साठ हजार का प्रावधान किया गया था। बाद में जो संशोधित आंकड़ा आया उसमें यह रकम बढ़ कर इकहत्तर हजार करोड़ हो गई थी। हालांकि इस रकम में से पिछले साल खर्च किए गए अड़सठ हजार करोड़ रुपए। सरकार का दावा है कि इस खर्च से पांच करोड़ अड़तालीस लाख ग्रामीण परिवारों को मनरेगा कानून के तहत रोजगार मुहैया कराया गया। गौरतलब है कि इस कानून के तहत गांव के बेरोजगार परिवारों को साल में सौ दिन और एक सौ बयासी रुपए प्रतिदिन के हिसाब से रोजगार दिए जाने की कानूनी जिम्मेदारी थी। लेकिन मनरेगा के पिछले साल का आकलन करते हैं तो आंकड़ा यह निकल कर आता है कि साढे पांच करोड़ बेरोजगार परिवारों को कानून सम्मत यानी सौ दिन और एक सौ बयासी रुपए प्रतिदिन की दर से काम देने पर कम से कम एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपए खर्च होने चाहिए थे। इसलिए यह पड़ताल करनी पड़ती है कि उतने बेरोजगार परिवारों को काम देने का काम सिर्फ अड़सठ हजार करोड़ में हो कैसे गया? दरअसल, पिछले साल साढ़े पाच करोड़ परिवारों के तहत काम दिया जाना तो दर्ज हुआ, लेकिन उन्हें सौ दिन का रोजगार नहीं मिला। पिछले साल कानूनी योजना मनरेगा के तहत साल के तीन सौ पैंसठ दिन में औसतन सिर्फ 48.39 दिन यानी लगभग पचास दिन का ही काम दिया जा सका। सरकारी अफसरों का तर्क हो सकता है कि सभी बेरोजगारों ने पूरे सौ दिन का काम मांगा ही नहीं। लेकिन देश में कुछ साल से बेरोजगारी के बढ़ते हालात देखते हुए यह बात किसी के गले उतरेगी नहीं। बहरहाल यह गुजरे साल की बात थी। इस साल के हालात को संभालने का मसला और भी बड़ा है। इस साल मनरेगा के तहत मजदूरी एक सौ बयासी से बढ़ा कर औसतन दो सौ दो रुपए प्रतिदिन की जा चुकी है। हिसाब लगाने में आसानी के लिए इसे औसतन दो सौ रुपए मान कर चलें तो पिछले साल जितने ही ग्रामीण परिवारों को कानूनन सौ दिन का काम देने के लिए इस साल कम से कम एक लाख चौवन हजार करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। इस समय मनरेगा के मद में कुल रकम उपलब्ध है, सिर्फ एक लाख एक हजार पांच सौ करोड़ रुपए। यानी इस साल भी सौ दिन काम की गारंटी की गुंजाइश ही नहीं बचती। लेकिन इस साल का अनुमानित हिसाब यहीं खत्म नहीं हो जाता। इस साल गांवों की माली हालात हद से ज्यादा बदली हुई है। पूर्णबंदी के दौरान अपने अपने गांवों में वापस पहुंचे

मजदूरों और कामगार परिवारों की तादाद कम से कम दो करोड़ बैठती है। यानी पिछले साल काम मांगने वालों की संख्या साढ़े पांच करोड़ में इस साल दो करोड़ बेरोजगारों को और जोड़ लिया जाना चाहिए। इन अतिरिक्त दो करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार देने का खर्च इस साल कमोबेश चौवन हजार करोड़ और बढ़ जाएगा। मनरेगा कानून पर इस खर्च में मजदूरों की दिहाड़ी के अलावा प्रशासनिक खर्च, मजदूरों के लिए गैंती-फावड़े, डलिया, रस्सी जैसे सामान पर खर्च को शामिल किया जाता है। बहरहाल, बदले हालत में मरनेगा की कानूनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए न्यूनतम दो लाख आठ हजार करोड़ की जरूरत है। जबकि मनरेगा की मद में इस साल रकम है सिर्फ एक लाख एक हजार पांच सौ करोड़ रुपए, यानी जरूरत से आधी। गांवों में रोजगार मांगने वालों की तादाद बढ़ रही है। लिहाजा हमें फौरन ही सतर्क हो जाना चाहिए। जिस तरह अर्थव्यवस्था के दूसरे क्षेत्रों में जान फूंकने की कोशिश हो रही है बिल्कुल वैसी ही कवायद ग्रामीण रोजगार के मोर्चे पर फौरन ही तैनात होने की दरकार है।

---

***Date:20-06-20***

# आस्था बनाम सेहत

**संपादकीय**

आमतौर पर आस्थाओं के निर्वहन के मामले में सत्ता-संस्थानों की ओर से दखल नहीं दी जाती है। लेकिन जब किसी परंपरा या आस्था से जुड़े किसी खास त्योहार या उत्सव की वजह से बहुत सारे लोगों की सेहत और यहां तक कि जान पर जोखिम का सवाल हो तब न केवल सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए, बल्कि खुद लोगों और समाज को अपनी ओर से इस पर विचार करना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि ओड़ीशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा की एक प्राचीन परंपरा रही है और यह लोगों की आस्था से जुड़ा एक संवेदनशील विषय है। इसे किन्हीं हालात में बाधित करने या रोकने की कोशिश जानबूझ कर कोई नहीं करना चाहेगा। लेकिन कोरोनावायरस के संक्रमण की मार से देश किस तरह परेशान है और यह संक्रमण किन-किन रास्तों से फैल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अगर रथयात्रा के आयोजन की वजह से बड़ी तादाद में लोगों के जीवन पर संकट आने की आशंका हो तब निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने इसी आशय की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह कहा कि अगर रथयात्रा की इजाजत दी गई तो भगवान जगन्नाथ भी हमें माफ नहीं करेंगे! गौरतलब है कि पुरी की रथयात्रा और इसके उत्सव में हर साल करीब दस लाख लोग इकट्ठा होते हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोगों के जमावड़े से आस्था का उत्सव तो मना लिया जा सकता है, लेकिन इससे भारी पैमाने पर जो खतरा पैदा होगा, उसका हल कैसे निकाला जा सकेगा। सभी जानते हैं कि मौजूदा दौर में कोरोनावायरस के संक्रमण से होने वाली महामारी की वजह से देश किस संकट का सामना कर रहा है। इससे बचाव के लिए कई अन्य उपायों के साथ-साथ लोगों के बीच आपसी दूरी को बनाए रखने को सबसे जरूरी माना गया है। इसका कारण यही है कि कोरोनावायरस का संक्रमण लोगों के बीच आपसी संपर्क से ही सबसे ज्यादा होने की आशंका है। समूचे देश में अगर पूर्णबंदी की घोषणा की गई तो इसका मकसद यही था कि लोगों को एक दूसरे से दूर रखने में मदद मिलेगी और वायरस के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। लेकिन अगर रथयात्रा की इजाजत दी जाती और इसके बहाने लाखों लोगों का जमावड़ा होता तो संक्रमण के खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की सेहत को सुरक्षित रखने के मद्देनजर ठीक ही कहा कि संख्या अगर दस हजार भी होती तो गंभीर बात है। देश में अभी भी कोरोनावायरस संक्रमितों की तादाद में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यही वजह है कि कई जगहों पर लोगों के बीच आपसी दूरी को बनाए रखने के लिए पूर्णबंदी को या तो बढ़ाया गया है या फिर उसमें सशर्त ढील दी गई है, ताकि लोगों की भीड़ न जमा हो। ऐसे में अगर रथयात्रा की इजाजत दी जाती तो भारी तादाद में लोगों के जुटने को रोका नहीं जा सकता था। लेकिन हकीकत को समझने के

बजाय ओड़ीशा के कुछ संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में पुरी बंद का आह्वान कर दिया। सवाल है कि अगर आस्था के किसी आयोजन की वजह से लाखों लोगों के जीवन पर खतरा आता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? अच्छा यह है कि ओड़िशा सरकार ने रथयात्रा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने के निर्देश दिए हैं। रथयात्रा या पूजा-अर्चना महामारी का संकट टलने के बाद भविष्य में होती रह सकती है। मगर दुनिया फिलहाल जिस महामारी के दुश्चक्र से जूझ रही है, उससे निकलना और इसमें मदद करना सभी संवेदनशील और जागरूक लोगों और संस्थाओं की जिम्मेदारी होनी चाहिए।

---

राष्ट्रीय सहारा

*Date:20-06-20*

# चौतरफा नकेल कसने का वक्त

**राधेश्याम सिंह यादव**

लगता है चीन के दुर्दिन शुरू हो चुके हैं। अपनी विस्तारवादी सोच के लिए दुनियाभर में कुख्यात चीन की हालत तो ऐसी हो गई है कि उसे उसके सदाबहार दोस्त के अलावा किसी और बड़े देश का साथ मिलता दिखाई नहीं दे रहा। वह शायद यही सोच रहा था कि उसने जिस तरह अपने पड़ोसी देश तिब्बत, ताइवान और हांगकांग को त्रस्त कर रखा है, उसी तरह भारत को भी दबा लेगा। चीन ऐसा सोच रहा था तो १९६२ वाला 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' ही देख रहा था, क्योंकि लद्दाख की गलवान नदी घाटी में भारत के वीर जवान जिस तरह चीनी जवानों पर टूट पड़े, उससे उसकी सारी हेकड़ी निकल गई। हां, इसमें हमें अपने २० जवानों को खोने पड़े और ७६ बुरी तरह घायल हो गए। लेकिन संधि से बंधे हमारे जवानों ने बिना हथियार के ही चीन के कम से कम ४३ जवानों को या तो मार गिराया या गंभीर रूप से घायल कर दिया। खबर तो यहां तक है कि झड़प में चीन का कमांडिंग ऑफिसर भी मारा गया। चीन की हालत ऐसी भीगी बिल्ली जैसी हो गई है कि अपने हताहत सैनिकों की संख्या भी नहीं बता रहा। शायद बताने में शर्म आ रही होगी, ऐसा होना भी लाजिमी है, क्योंकि वो कहां सुपर पावर बनने का सपना देख रहा था, लेकिन भारत के वीर जवानों ने निहत्थे ही उसकी औकात दुनिया के सामने रख दी। ॥ मोर्चे पर मिली करारी चोट से तिलमिलाया चीन अब 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली नीति पर उतर आया। हर बार की तरह चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने मोर्चा संभाला और बिना देरी किए पूरी घटना का ठीकरा भारत पर फोड़ने की कोशिश की। लेकिन कहते हैं कि झूठ की उम्र नहीं होती, चीन के तमाम दावे फुस्स होते चले गए। हर घंटे चीन का बयान बदलता नजर आया। पहले वह भारत को गीदड़भभकी देता है, लेकिन जब उसकी धमकियों का कोई असर नहीं होता, तो सुलह की बात करने लगता है। लेकिन उसकी बातों पर भरोसा करना अपने पैर पर ही कुल्हाड़ी मारने सरीखा होगा। वो जिस तरह की ओछी हरकतें करता है, उसके बाद उस पर भरोसा करने की कोई गुंजाइश ही नहीं बचती। ॥ जहां तक भारत की बात है, तो दुनिया जानती है कि भारत अमन पसंद देश है। चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए भारत की ओर से बार–बार हर मुमकिन कोशिश की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की कही बातों पर चलने की कोशिश की। वाजपेयी जी ने कहा था कि दोस्त बदला जा सकता है, लेकिन पड़ोसी नहीं। लिहाजा, मोदी ने चीनी राष्ट्रपति को भारत आमंत्रित कर उनका भव्य स्वागत किया। संदेश दिया कि भारत चीन के साथ मतभेदों को खत्म कर दोस्ती की इबारत लिखना चाहता है। लेकिन जिसके खून में ही धोखा हो उससे क्या उम्मीद की जा सकती है। चीन ने २०१७ में डोकलाम में जो किया वो सभी के सामने है। हालांकि भारत ने इसे भी

नजरअंदाज कर दिया और मोदी जब दोबारा प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने फिर शी जिनपिंग को भारत बुलाकर उनकी खूब मेहमानबाजी की लेकिन चीन की तिकड़मी सोच नहीं बदल पाए। ॥ एक ओर जहां चीन भारत संग दोस्ती की झूठी बातें करता रहा, तो दूसरी ओर पीठ पर छुरा घोंपने की तैयारी में भी जुटा रहा। जिस तरह लद्दाख में भारत के साथ किया है, उसके बाद कहने में कोई गुरेज नहीं होनी चाहिए कि चीन हमारा सबसे शातिर शत्रु है। उसकी धूर्तता की पराकाष्ठा ही है कि वो भारतीय सीमा में अतिक्रमण करता है और उल्टे भारत को शांति का उपदेश देकर पीछे हटने से भी इनकार करता है। गलवान घाटी की घटना के बाद लगता है कि पानी सिर के ऊपर बहने लगा है। भारत ने भी साफ कर दिया है कि देश के मान–सम्मान के लिए वह कोई समझौता नहीं कर सकता। किसी की दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। आंख दिखाने वालों से आंख में आंख डालकर बात करेगा, चाहे इसकी कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। चीन के मुगालते को दूर करने के लिए भारत ने भी तमाम मोर्चों पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। चीन को कूटनीतिक, आिथक और सामरिक क्षेत्र में चौतरफा घेरने की रणनीति बनाई जा रही है। रेलवे ने जहां चीनी कंपनी को दिए गए ठेके को रद्द कर दिया है, तो दूरसंचार विभाग ने भी बीएसएनएल और एमटीएनएल को चीनी सामान का कम से कम इस्तेमाल करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। भारतीय कारोबारियों ने भी चीन को आिथक चोट पहुंचाने की तैयारी कर ली है। चीनी प्रोडक्ट्स के बहिष्कार और भारतीय सामान के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ने 'भारतीय सामान–हमारा अभिमान' अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले चरण में कैट (कंफेड़रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड़र्स) ने ५०० से अधिक चीजों की लिस्ट तैयार कर उसका बहिष्कार करने का फैसला किया है। इसके तहत करीब ३००० से अधिक ऐसे उत्पाद हैं, जो चीन से भारत आयात होते हैं। कैट ने दिसम्बर, २०२१ तक चीनी आयात में करीब एक लाख करोड़ रुûपये की कमी लाने का लाय रखा है। ॥ सरकार ने तीनों सेनाओं को अलर्ट मोड पर कर दिया है। पीएम मोदी साफ कर चुके हैं कि हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हम हालात के मुताबिक कार्रवाई के लिए तैयार रहते हैं। जाहिर है कि एलएसी पर चीनी सेना ने जिस तरह सड़क छाप गुंडों वाली हरकत को अंजाम दिया, वो माफी के काबिल नहीं है। चीन को पता चलना ही चाहिए कि भारत के सामने उसकी दादागीरी नहीं चलेगी। यह मुगालता भी वह न पाले कि उसने जैसे तिब्बत पर कब्जा किया है, या ताइवान और हांगकांग पर अतिक्रमण करने की फिराक में है, उसी तरह भारत की जमीन भी हथिया लेगा। चीन को बताना जरूरी है कि ताली एक हाथ से नहीं बजती। वह भारतीय हितों को नजरअंदाज करेगा तो भारत भी खुद की रक्षा करने को स्वंतत्र है। आत्मनिर्भर भारत के पीएम मोदी के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए चीनी कंपनियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए यानी चीन पर अब चौतरफा नकेल कसने का वक्त आ गया है॥। (लेखक भाजपा से संबद्ध हैं)॥ एलएसी पर चीनी सेना ने जिस तरह सड़क छाप गुंडों वाली हरकत को अंजाम दिया, वो माफी के काबिल नहीं है। चीन को पता चलना ही चाहिए कि भारत के सामने उसकी दादागीरी नहीं चलेगी। यह मुगालता भी वह न पाले कि उसने जैसे तिब्बत पर कब्जा किया है, या ताइवान और हांगकांग पर अतिक्रमण करने की फिराक में है, उसी तरह भारत की जमीन भी हथिया लेगा। चीन को बताना जरूरी है कि ताली एक हाथ से नहीं बजती ।

---

***Date:20-06-20***

# सिरै से विचार करने का समय

**संपादकीय**

भारत पिछले कई दशकों से बड़ी तादाद में शरणार्थियों को पनाह देता आया है, जिनमें मुख्यत: अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों से आने वाले लोग तथा तिब्बती शामिल रहे हैं। इसके बावजूद देश में शरणार्थियों के प्रवाह को सुगम और

नियंत्रित बनाने के लिए कोई नीतिगत व्यवस्था या कोई पुख्ता कानून नहीं बनाया गया है। भारत ने शरणार्थियों की स्थिति के बारे में 1951 के संयुक्त राष्ट्र समझौते और 1967 के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर नहीं किए थे और इसलिए भारत इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई वैध व्यवस्था तैयार करने के लिए कभी विवश नहीं रहा।

गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजु की ओर से संसद में दिए वक्तव्य के अनुसार 2014 के आखिर तक विभिन्न राज्यों में तीन लाख से ज्यादा शरणार्थी आ चुके थे। बिना किसी कानून के भारत राजनीतिक और प्रशासनिक उपायों के माध्यम से शरणार्थियों के प्रवाह को संभालता आया है। इसलिए इनके प्रति भारत के रुख को काफी हद तक अनौपचारिक कहा जा सकता है, जिसके तहत अनेक तरह की प्रक्रियाएं और राहत एवं पुनर्वास के उपाय किए जाते हैं।शरणार्थियों का दर्जा तय करने के लिए उत्तरदायी कोई विशिष्ट एजेंसी या मशीनरी भी नहीं है। ऐसे में उनका दर्जा आवश्यक तौर पर भारत में विदेशियों पर लागू होने वाले घरेलू कानूनों के अंतर्गत निर्धारित किया जाता है जिनमें विदेशी अधिनियम, 1946, विदेशी पंजीकरण अधिनियम, 1939, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश), 1920, पासपोर्ट अधिनियम (1967), प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962, नागरिकता अधिनियम, 1954 और विदेशी आदेश, 1948 जैसे कानून शामिल हैं।

विभिन्न स्थानों पर लगभग 500,000 शरणार्थियों की मेजबानी कर चुके भारत को अपने कानूनों को अंतिम रूप देना चाहिए। ऐसा कानून विभिन्न शरणार्थी समूहों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करने के स्थान पर उनके साथ होने वाले व्यवहार के संदर्भ में बेहतर सामंजस्य स्थापित करेगा।

दो शरणार्थी समूह जो अच्छे से फले-फूले वे हैं श्रीलंकाई तमिल और तिब्बती, लेकिन कानून के अभाव में भारत को अक्सर शरणार्थियों के बीच भेदभावपूर्ण व्यवहार करता देखा गया है। इस साल अगस्त में संसद में एक प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने कुछ शरणार्थी समूहों के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्रीलंकाई तमिलों के बारे में, सरकार तमिलनाडु और ओडिशा के शिविरों में रहने वाले "श्रीलंकाई शरणार्थियों को राहत सहायता पहुंचाने के लिए योजना का संचालन करती है। उन्हें मासिक नकदी सहायता, सस्ता राशन, निशुल्क कपड़े, बर्तन, अंतिम संस्कार और श्राद्धकर्म के लिए अनुदान तथा शिविरों में बुनियादी सुविधाओं जैसी कुछ खास तरह की अनिवार्य राहत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।" इसी तरह, तिब्बती शरणार्थियों के लिए, सरकार ने 2014 में "तिब्बती पुनर्वास नीति का निर्माण किया और राज्यों को तिब्बती शरणार्थियों को सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं चाहे वे योजनाएं केंद्र सरकार की हों या राज्य सरकार की उन योजनाओं के लाभ उपलब्ध कराने का परामर्श दिया। सरकार ने देश में तिब्बती शरणार्थियों के सामाजिक कल्याण के लिए केंद्रीय तिब्बती राहत समिति (सीटीआरसी)को 2015-16 से 2019-20 तक पांच साल की अवधि के लिए 40 करोड़ रुपये का सहायता अनुदान प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है।"

समस्त शरणार्थी समूहों के लिए व्यापक उपाय भी बहुत कम रहे हैं हालांकि 2011 के आखिर में, भारत में शरणार्थी के दर्जे की मांग करने वाले विदेशी नागरिकों के मामलों से निपटने के लिए भारत ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पेश की। इस प्रक्रिया के अनुसार, शरणार्थी के दर्जे का दावा करने वाले विदेशी की जांच की जाएगी और यदि उसका मामला वास्तविक पाया गया, तो उस महिला/पुरुष को दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) जारी किया जाएगा।

शुरूआत में इस समझौते को शीत युद्ध के एक साधन के रूप में देखा गया था और इसलिए भी भारत इसमें शामिल नहीं हुआ था। लेकिन आज समीकरण बदल चुके हैं और भारत के लिए अब शायद अपनी स्थिति की समीक्षा करने का वक्त आ चुका है। संभवत: क्षमताओं से जुड़ी कुछ चिंताएं भी हो सकती हैं, जिनकी वजह से भारत इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने के लिए विवश रहा हो। उदाहरण के लिए, इस समझौते पर हस्ताक्षर करने से भारत को पड़ोस में बड़ा संघर्ष होने पर बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपने देश

में दाखिल होने की अनुमति देनी होगी। प्रश्न यह उठता है कि भारत के पास इतनी बड़ी तादाद में शरणार्थियों को संभालने के लिए आवश्यक उपाय हैं या नहीं।

इसके अलावा, भारत को कुछ व्यवहारिक मामलों पर भी गौर करना होगा। उदाहरण के लिए, इस पर हस्ताक्षर करते ही भारत को शरणार्थियों को जबरन उनके देश नहीं भेजने संबंधी प्रावधानों का पालन करने सहित इस समझौते का पूरी तरह अनुपालन करना होगा। लेकिन इस प्रावधान का पालन तो भारत समझौते पर हस्ताक्षर किए बगैर भी कर रहा है। भारत यातना एवं अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या दंड के विरुद्ध समझौता,1984 (जिसे यातना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समझौते के नाम से जाना जाता है — यूएनसीएटी) पर हस्ताक्षर करने की वजह से पहले से ही ये सभी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। यूएनसीएटी के अनुच्छेद 3 "राष्ट्र के उत्तरादायित्व" के अंतर्गत "कोई भी राष्ट्र किसी व्यक्ति का किसी अन्य ऐसे देश के लिए निष्कासन, वापसी (दमन) या प्रत्यर्पण नहीं करेगा, जब इस बात पर यकीन करने का पुख्ता आधार हो कि उस व्यक्ति को उस देश में यातनाएं दिए जाने का खतरा है।" इसलिए, ऐसा नहीं है कि 1951 के समझौते पर हस्ताक्षर से भारत को अपनी मौजूदा कार्य पद्धतियों और रुख में बदलाव लाना होगा। फिर भी, भारत को समझौते में शामिल होने से पहले उसके भले-बुरे की पड़ताल करने के लिए इसकी व्यापक समीक्षा करनी चाहिए। इस समीक्षा का निष्कर्ष चाहे कुछ भी निकले, वह बीते दशकों के स्थान पर मौजूदा वातावरण और चिंताओं पर आधारित होना चाहिए। इस समझौते में शामिल होकर भारत इसमें प्रभावी बदलाव लाने की दिशा में बेहतर ढंग से प्रयास कर सकेगा।

---

Live हिन्दुस्तान.com

*Date:20-06-20*

# यह हमारे लिए टर्निंग प्वॉइंट है

**जनरल वीपी मलिक, (पूर्व सेनाध्यक्ष)**



इस लड़ाई को हमेशा जीतेगा हिन्दुस्तान। फौज का काम सिर्फ जीतना होता है। देश का भी यही मिशन होता है। इस तरीके के हालात पिछले कई बरसों से सीमा पर रहे हैं और विवादों को आपसी बातचीत से ही सुलझाया जाता रहा है। यही हमारी सरकार की नीति रही है। फौज ने इसी का अनुसरण किया है। मगर इस बार दो चीजें अलग हुई हैं। पहली, चीन के सैनिकों ने बड़ी तादाद में वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करके हमारे क्षेत्र में कैंप किया, और दूसरी बात, जब बातचीत करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने जवाब विपरीत तरीके से दिया। जब कोर कमांडर स्तर पर मान लिया गया कि हम अपनी-अपनी जगह पर चले जाएंगे, तो उसके बाद भी यह घटना बताती है कि वे तैयारी करके आए थे और यह सोचकर आए थे कि कोई उनकी तरफ आया, तो वे आक्रामक जवाब देंगे।

हमें चीन की नीयत को समझना चाहिए। अगर नीयत खराब हो, तो हर कार्रवाई को शक की नजर से देखा जाना चाहिए। मेरा अपना अनुभव चीन के साथ यही रहा है कि उसकी कथनी और करनी में बहुत फर्क है। हमें इसी आधार पर अपनी कार्रवाई करनी चाहिए। साल 2013 के बाद से चूंकि तमाम घटनाओं को बातों से सुलझा लिया गया, इसलिए यह नीति बन गई। यह ध्यान ही नहीं दिया गया कि ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं? जाहिर है, हमें अपनी नीति की समीक्षा करनी चाहिए थी, जिसका खामियाजा हमें गलवान में भुगतना पड़ा है।

अभी बॉडी आर्मर भेजे जा रहे हैं, लेकिन यह विकल्प नहीं है। फौज का काम नहीं है कि वह इसके साथ लड़ाई लड़े। फौज हथियारों के साथ काम करती है। हम पुलिस वाले नहीं होते हैं और न ही इस तरह की घटनाओं में हमें गुत्थमगुत्था की कोशिश करनी चाहिए। यह कोई आंतरिक सुरक्षा का मामला नहीं है। हमें दूसरी फौज से टकराना होता है। इसलिए बॉडी आर्मर की परंपरा अब जारी नहीं रहनी चाहिए। इसकी बजाय फौज को हथियार की इजाजत होनी चाहिए। आपातकालीन स्थितियों में उसे सेल्फ डिफेंस में काम करने की भी छूट मिलनी चाहिए।

सीमा पर मौजूद हमारी फौज के पास पर्याप्त हथियार हैं। यह आरोप गलत है कि वहां फौज निहत्थी थी। दरअसल, विश्वास बहाली को लेकर सन 1997 में हमने चीन से एक समझौता किया था, जिसका आर्टिकल-6 कहता है कि दो किलोमीटर के भीतर यदि हम आपस में भिड़ते हैं, तो गोली नहीं चलाएंगे।

वर्ष 1993 से अब तक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हालात सुधारने के लिए पांच समझौते हुए हैं। उनकी समीक्षा की बात मैं काफी अरसे से कर रहा हूं। साल 1997 के जिस समझौते का जिक्र मैंने किया है, उस वक्त मैं वाइस चीफ था। तब भी मैंने यह कहा था कि अगर वास्तविक नियंत्रण रेखा को नक्शे पर नहीं खींचा जाता है, जैसा कि आर्टिकल-10 में लिखा हुआ है, तो फिर बाकी आर्टिकल को अमल में नहीं लाया जा सकता। एलएसी पर सहमति जब तक नहीं बनेगी, हालात और बिगड़ सकते हैं।

दिक्कत यह भी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे पर राजनेता खुलेआम एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहते हैं। सार्वजनिक तौर पर इससे बचना चाहिए। हमारे पास राष्ट्रीय सूचना रणनीति भी होनी चाहिए। इससे हम हालात को लेकर सही तस्वीर देश के सामने रख सकते हैं। गलवान की घटना में इसका ठीक तरीके से इस्तेमाल नहीं किया गया, जबकि इसका पूर्व का अनुभव सुखद है। जैसे, कारगिल जंग के समय विदेश मंत्रालय के अफसर और थल सेना, वायु सेना व नौसेना के अधिकारी संयुक्त प्रेस वार्ता करते थे। वे रोजाना नक्शे आदि बताकर मीडिया व देश की जिज्ञासाओं को शांत करते थे। इस रणनीति को लेकर सहयोगात्मक नीति बननी चाहिए। पता नहीं, इस बार हमने इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

समन्वय कितना कारगर होता है, यह कारगिल में हमने खूब देखा है। जैसे, कारगिल से पहले हमारे पास एक कोर था, जिसकी जिम्मेदारी श्रीनगर से पूरे चीन सीमा और पाकिस्तान सीमा पर थी। कारगिल का सबक लेकर हमने लड़ाई खत्म होते ही 14कोर बनाया, और वह तब से लेह में है और उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी चीनी बॉर्डर है। हालांकि, जब तक पर्याप्त संसाधन नहीं मिलेंगे, पूरी तैयारी मुश्किल है। जैसे, साल 2000 में हमने सड़क की जरूरत महसूस की थी, मगर साल 2012 तक कुछ नहीं कर पाए। माउंटेन कोर के बारे में भी यही सच है। जवानों को खड़ा करना ही काफी नहीं है, उनके पास हथियार भी होने चाहिए। खुफिया सूचना को लेकर भी काम करना होगा।

हमारे एक रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस दूर की सोच रहे थे और उन्होंने यह बात अलग ढंग से कही थी (कि चीन हमारा दुश्मन नंबर एक है)। उनकी भाषा दूसरी थी, लेकिन उस वक्त भी हम कह रहे थे कि चीन हमारी दीर्घकालिक चुनौती है और पाकिस्तान तात्कालिक चुनौती। लेकिन तब कई वरिष्ठ लोगों को उनकी बात पसंद नहीं आई थी, और उन्हें इसके लिए सुनना भी पड़ा, लेकिन उनकी सोच दूर

की थी। इसी बात को अगर वह कहते कि चीन हमारी दीर्घकालिक चुनौती है, तो शायद कोई ऐतराज नहीं करता। आज मैं समझता हूं कि 15 जून की घटना एक टर्निंग प्वॉइंट है। अब हमें अपनी नीतियों में काफी बदलाव करने पड़ेंगे, न सिर्फ फौज के लिहाज से, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक दृष्टि से भी रणनीतिक बदलाव की जरूरत है। हममें पहले से अधिक काबिलियत है और अगर ऐसी घटनाएं होती हैं, तो हम मुकाबला कर सकते हैं। हमारी फौज में पर्वतीय युद्ध का जो कौशल है, जो दृढ़ता है, वह चीनी बलों से बेहतर है। हमें मजबूर किया जाता है, तो हम लड़ेंगे।

हमें अपने अन्य पड़ोसी देशों को साथ लेकर रणनीति बनाकर चलना चाहिए। वाकई लोकतंत्र में निर्णय लेना मुश्किल होता है। हमारे यहां लोकतंत्र भी है और शोर मचाने वाला लोकतंत्र है। किसी भी सरकार को लें, जब तक हमारी राजनीतिक पार्टियों में यह सोच नहीं आएगी कि जो भी मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा या हित का है, उसे मिलकर सुलझाना है और आगे ले जाना है, तब तक ऐसी मुश्किलें चलती रहेंगी। हमें राष्ट्रीय हित में मेकिंग इंडिया की ओर ज्यादा रुख करना चाहिए, ताकि जरूरत के समय हमें किसी और की ओर न देखना पड़े। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि रक्षा के मोर्चे पर आत्मनिर्भर होने की जरूरत अब तेजी से बढ़ती जा रही है।